प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.06.2023 (सं0–326)

बिहार पुलिस एवं सुरक्षा बलों की संयुक्त छापामारी.....

100 से भी अधिक काण्डों में वांछित नक्सली अरविन्द भुईया गिरफ्तार।

अरविन्द भुईया पर झारखण्ड सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तथा बिहार सरकार द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम था घोषित।

- दिनांक–26/27.06.2023 की रात्रि में गया पुलिस, सी0आर0पी0एफ0, 159 बटालियन, कोबरा 205 बटालियन एवं एस0टी0एफ0 के द्वारा तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर विशेष संयुक्त छापामारी एवं अभियान के क्रम में **अन्तर्राज्योय हार्डकोड नक्सली जोनल कमाण्डर अरविन्द भईया उर्फ मुखिया जी उर्फ प्रवश को अवैध हथियार, गोली के साथ** कपिल भुईया थाना–गजवा, जिला–चतरा, झारखण्ड वर्तमान ससुराल सा0 बिराज टोला जारी आहर, थाना–सोहैल, जिला–गया के घर से गिरफ्तार किया गया।

- अरविन्द भुईया के दोष स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उसके सहयोगी **योगन्द्र उर्फ वोरेन्द्र भारती को गया जिले के ग्राम सलवार के पहाड़ी क्षेत्रों से पकड़ा गया** तथा उसके निशानदेही पर गया जिला के रोशनगंज थानान्तर्गत ग्राम विकोपुर से एक भरमार अवैध रायफल बरामद किया गया।

- जोनल कमाण्डर अरविन्द भुईया उर्फ मुखिया जी उर्फ प्रवेश पर पूर्व **से बिहार सरकार द्वारा 50 हजार रुपये तथा झारखण्ड सरकार के द्वारा 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।**
- हार्डकोड नक्सली अरविन्द भुईया **100 से भी अधिक नक्सल घटनाओं में गया जिला सहित आस पास के जिलों तथा झारखण्ड राज्य के विभिन्न काण्डों में वांछित था।**

- जोनल कमाण्डर अरविन्द भुईया के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर **कई जघन्य नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया गया है,** जिसमें कुछ निम्न हैं:–

01. दिनांक 18.07.2016 को गया जिला के बाँकेबाजार थान अन्तर्गत डुमरी नाला के पास कोबरा 205 के अभियान दल के उपर घात लगाकर हमला किया गया था तथा आइ0इ0डी0 ब्लास्ट किया गया था, जिसमें 205 कोबरा के 10 जवान शहीद हो गये थें एवं अन्य 05 जवान घायल हुए थें। इस घटना में तीन नक्सली मारे गये थे तथा उनके पास से स्वचालित हथियार भी बरामद हुए थे।
02. दिनांक 02.04.2014 को बाँकेबाजार थानान्तर्गत डेल्हो के जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में पुलिस एवं सी0आर0पी0एफ0 के द्वारा चलाये जा रहे कॉबिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ काफी देर तक मुठभेड़ हुआ था। इस संबंध में बाँकेबाजार थाना कांड संख्या 31/14 अंकित किया गया है।
03. दिनांक 25.02.15 को मैगरा–डुमरिया निर्माणाधीन सड़क पर पुलिस पार्टी पर हमला एवं आइ0इ0डी0 बलास्ट कर पुलिस पार्टी के वाहन को उड़ा दिया गया था, जिसमें

सी0आर0पी0एफ0 के 02 जवान शहिद हो गये थें। इस संबंध में डुमरिया थाना कांड संख्या–12/15 अंकित किया गया है।

गिरफ्तारीः–

01. अरविन्द भुईया उर्फ मुखिया जी उर्फ प्रवेश, सा0– विराज, थाना– कोठी, जिला– गया ।
02. योगेन्द्र उर्फ वीरेन्द्र भारती सा0– नने कला, थाना– प्रतापपुर, जिला– चतरा (झारखण्ड) ।
03. कपिल भुईया सा0 पांकी, थाना–गजवा, जिला– चतरा (झारखण्ड), वर्तमान ससुराल विराजटोला, थाना–सोहैल, जिला–गया।

बरामद समानों की विवरणी :–

1. अरविन्द भुईया के पास से 01 देशी पिस्टल तथा 35 राउंड गोली तथा 02 मैगजीन, 01 रेडिया तथा 01 हॉलेस्टर, कपड़े का पाउच (हथियार रखने वाला) तथा 06 मोबाइल, डायरी, सिम इत्यादि।
2. योगेन्द्र भारती उर्फ विरेन्द्र भारती पिता–चमारी भारती, सा0–ननईकला टोला लेवरिया, थाना–प्रतापपुर, जिला–चतरा के पास से 02 मोबाइल बरामद एवं उनके निशानदेही पर एक रायफल विधिवत बरामद किया गया।

xxxxxxxxx